# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

**प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे**

वर्ष 13 | अंक 11 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 10 जून 2025 से 16 जून 2025 तक


# "जिसके लिए देश ने हाथ उठाए, उसी ने विश्वास की चिता सजाई..."

संपादकीय विशेष

## राजा रघुवंशी की हत्या की खबर ने पूरे देश को झकझोर दिया

जिस पत्नी की तलाश में सोशल मीडिया से लेकर पुलिस तंत्र तक दिन-रात एक कर दिया गया, आज वही पत्नी-सोनम रघुवंशी-हत्या की साजिशकर्ता साबित हो रही है।







### लोग कहते हैं: "प्यार अंधा होता है", लेकिन आज यह सवाल उठ रहा है

»» **क्या प्यार अब हत्यारा भी हो गया है?**

»» **एक देश की भावनाओं से खेल**

सोनम की गुमशुदगी की खबर सुनकर पूरे देश ने दुआएँ की थीं। कई लोगों ने उसे अपनी बेटी, बहू और बहन की तरह देखा। लोगों ने मंदिरों में मन्नतें मांगीं, सोशल मीडिया पर अपील की, पुलिस से निवेदन किया... और जब वह मिली, तो लगा भगवान ने दुआ कबूल की। पर किसे पता था -ये वापसी एक डरावने सच की दस्तक है।

### जब मोहब्बत बन जाए अपराध

सोनम के प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की योजना बनाना सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि विवाह और समाज दोनों की आत्मा का अपमान है। राजा रघुवंशी ने शायद सपनों का घर बसाने का सपना देखा था, पर उसे मिला-गद्दारी, धोखा और मौत।

»» **अब सोचिए...** क्या सोशल मीडिया अब भावुकता का शिकार हो रहा है?

»» क्या औरत की हर कहानी "पीड़िता" की नहीं होती? क्या कानून »» अब "प्यार" के नाम पर "पाप" को नजरअंदाज करेगा?

### न्याय चाहिए -दिखावा नहीं!



इस केस में न्याय की माँग सिर्फ राजा के लिए नहीं, बल्कि उस भरोसे के लिए है जो हर रिश्ते की नींव में होता है। हमें ऐसी घटनाओं से सबक लेना होगा। नारी शक्ति का आदर जरूरी है, पर जो नारी 'ममता' नहीं 'मायाजाल' बुन रही हो, उसका भी पर्दाफाश उतना ही जरूरी है।

**गोपाल गावंडे**
प्रधान संपादक, रणजीत टाइम्स

# पंचायत (जाग्रत ग्राहक) मोहल्ला हेतु बैठक

**रणजीत टाइम्स**

**अ.भा. ग्राहक पंचायत महू द्वारा जाग्रत ग्राहक मोहल्ला बनाने हेतु गिरनार कॉलोनी महू मे बैठक कर रहवासियों के बीच जाग्रत मोहल्ला की अवधारणा पर चर्चा करते हुए ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री श्री मुकेश कौशल ने बताया कि अ. भा. ग्राहक पंचायत शोषण मुक्त समाज की स्थापना हेतु कार्य कर रहा है। शोषण मुक्त समाज कैसा होगा वह दिखाने हेतु एक कॉलोनी या मोहल्ला का चयन कर उसे मॉडल के रूप मे तैयार किया जाता है ।**



वहाँ निवासी प्रत्येक परिवार अपने ग्राहक अधिकारों के बारे मे जागरुक हो और उन अधिकारो को पाने हेतु शासन प्रशासन आदि अन्य स्थानो पर अपनी आवाज उठाने मे सक्षम बने। प्रारम्भ मे हम कुछ विषयों पर कॉलोनी में प्रत्येक परिवार को जाग्रत करेंगे जैसे गैस सिलेंडर

- गैस सिलेंडर लेने और देने के पूर्व तोलना , बिल पर अंकित राशि से अधिक रु. नही देना । बिजली बिल भरने के पूर्व रिडिंग आदि का मिलान करने तथा ऊर्जस एप का उपयोग करना ।

बैंकिंग एवं बीमा के सम्बन्ध के सावधानी रखना। डॉक्टर द्वारा लिखी जांच किसी भी पेथालाजी लेब से करना हेतु डॉक्टर से पूछना तथा दवाई भी किसी भी मेडिकल स्टोस पर मिल सके ऐसी लिखने हेतु बोलना । कॉलोनी के प्रवेश करने वाले प्रत्येक फेरी वाले का पहचान पत्र आदि की जांच करना ।

किराय से रहने वालो का पुलिस सत्यापन करवाना आदि। उक्त सभी बातो पर उपस्थित रहवासी बन्धुओं ने सहमती प्रकट कर यथा शीघ्र एक बड़ी बैठक करेंगे जिसमे पुरुष वर्ग के साथ मातृ शक्ति भी उपस्थित हो उस दिन गिरनार कॉलोनी को जाग्रत ग्राहक कॉलोनी घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर सर्व श्री ए. सी. यादव , विजय भाभर , श्रीकांत भार्गव , अनिल चन्देल, केस सक्सेना , महेश वर्मा , हरिशचन्द्र सिंह , अजय स्वामी , गजेन्द्र सिंह , अनिल बरगट , रमेश परदेशी , हेमेन्द्र सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## नवागत सीएमएचओ डॉ.मनोज हुरमाड़े ने संभाला पदभार

**संदीप वाईकर बैतूल**

नवागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े ने 9 जून को पदभार संभाला। डॉ हुरमाड़े ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में दोपहर में पदभार ग्रहण किया, उनका आत्मीय स्वागत स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ जगदीश घोरे, आरएमओ डॉ रानू वर्मा, चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया। डॉ हुरमाड़े ने सभी विभागीय चिकित्सकों, अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर कार्य करने एवं सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया। डॉ हुरमाड़े ने कहा कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना ही हम सबका प्रथम उद्देश्य होना चाहिये। जिले के अंतिम छोर तक के प्रत्येक व्यक्ति तक हितग्राही मूलक एवं अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये।



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

## झाबुआ जिले के पावन धाम तारखेड़ी में पांच दिवसीय देव स्थापना एवं यज्ञ का हुआ आयोजन



**झाबुआ- राजेश सोनी**

**विश्वमंगल हनुमान धाम तारखेड़ी में 4 से 8 जून 2025 तक नए शिवालय का स्थापना महोत्सव मनाया गया, जिसमें महामृत्युंजयेश्वर भगवान परिवार सहित विराजित हुए। स्थापना दिवस से लेकर विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न किए गए, जिसमें पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ मूर्तियां विराजित की गईं।**

महंत ऋषि वैष्णव ने बताया कि ब्रह्मलीन पूज्य पंडित राम प्रपन्न जी महाराज एवं ब्रह्मलीन गुरुदेव पंडित कालीचरण दास जी वैष्णव की परंपरा अनुसार संचालित विश्वमंगल हनुमान धाम परिसर में शिव परिवार की स्थापना के लिए पांच दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें बुधवार को पहले दिन मंडप प्रवेश, गणेश पूजन किया गया तथा गुरुवार को स्थापित देव पूजन, गंगा पूजन एवं अग्नि स्थापना की गई। शुक्रवार को स्थापित देव पूजन एवं यज्ञ किया गया, वहीं अंतिम दिन रविवार को देव स्थापना एवं यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ महाआरती की गई तथा तत्पश्चात दोपहर को महाप्रसादी वितरण की गई। तारखेड़ी धाम के महंत ऋषि वैष्णव ने बताया कि महामृत्युंजयेश्वर महादेव का नवनिर्मित विशाल मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय उत्सव मनाया गया। नवनिर्मित मंदिर के समीप बनी यज्ञशाला में 5 दिनों तक हवन कुंड में सवा लाख आहुति दी गई। यज्ञाचार्य पंडित कैलाशचंद्र जानी गरवाखेडी के द्वारा रविवार को दोपहर में पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन किया गया। मंदिर में महाआरती की गई। विश्वमंगल हनुमान धाम तारखेड़ी में प्रसिद्ध बालीपुर धाम के योगेश जी महाराज पहुंचे। सबसे पहले भगवान का दर्शन पूजन कर दुर्गा चालीसा, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तारखेड़ी धाम के ऋषिराज वैष्णव द्वारा उपस्थित दोनों महंतों को साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। भक्तों ने दोनों गुरुओं से आशीर्वाद एवं आशीर्वचन प्राप्त किए।

कार्यक्रम में बलबारी धाम के निरंजन दास जी महाराज, खेड़ापति हनुमान धाम अमझेरा के नारायण दास जी महाराज, मंगल दास जी महाराज आदि संतों का समागम हुआ। सैकड़ो भक्तों ने यज्ञ पूर्णाहुति में भाग लिया। पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र सहित धार, झाबुआ, रतलाम, इंदौर, आदि जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्र से हजारों भक्त शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण की। इस दौरान पूर्व विधायक प्रताप ग्रेवाल, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव यादव, एवं बालमुकुंद सिंह गौतम, अजय रामावत, अजमेर सिंह भूरिया सहित भक्तों ने मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिए।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 10 जून 2025 से 16 जून 2025 तक



# अनदेखी : औचित्यहीन साबित हो रहा लाखों रुपए की लागत से बनाया गया तालाब

## मुदरई तालाब से हर साल बह जाता है बारिश का पानी

गोटेगांव तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरदई के द्वारा तालाब का ऐसा निर्माण करवाया गया है कि उसमें बारिश का पानी अधिक समय तक संचय नहीं होता है और तालाब का पानी बह जाता है। जिससे गर्मी में ग्रामीणों को पानी की समस्या होती है। हालात यह हैं कि जिस उद्देश्य से तालाब का निर्माण ग्राम पंचायत के माध्यम से शासन ने करवाया है वह पूरा नहीं हो रहा है। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत साल 2019-20 में स्वीकृत ग्राम पंचायत मुरदई के तालाब को ग्राम पंचायत ने ही निर्मित कराया था।



यह तालाब गांव के बाहर शांतिधाम स्थल के पास सड़क के किनारे मौजूद है। इसके बाद भी इस तालाब में बारिश का पानी ठहरता तक नहीं है। इस तालाब का पानी किस कारण से रिस कर बाहर निकल रहा है। इस दिशा में ग्राम पंचायत के द्वारा कोई समुचित कदम अभी तक नहीं उठाया है।जहां पर बोल्डर की दीवार की जरूरत नहीं है, वहां पर उसका निर्माण करवाया गया है। जहां से तालाब का पानी रिस कर बाहर जाता है। वहां पर किसी प्रकार का कार्य ठीक से नहीं करवाया गया है। उस समय उक्त तालाब के निर्माण में छह लाख रुपए खर्च होना बताए गए थे। मगर यह राशि किसी काम में नहीं आई, क्योंकि तालाब बनाने का उद्देश्य पूरा ही नहीं हो रहा है।इस साल फिर कुछ दिनों बाद बारिश का दौर प्रारभ होने वाला है। एक बार फिर से बारिश का पानी तालाब से बाहर निकल कर बह न जाए इस दिशा में समुचित कदम उठाने की दिशा में ग्राम पंचायत सार्थक प्रयास करे, ताकि इस निर्मित किए गए तालाब का उद्देश्य पूरा हो सके।

# केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उईके ने 3 करोड़ 7 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का किया भूमि पूजन

### विधायक श्री खंडेलवाल के प्रयासों से समूचे क्षेत्र में विकास को मिली गति

### नेहरू पार्क, लल्ली चौक से थाना चौक तक 2 किमी लंबी सीसी रोड का होगा निर्माण, सुगम्य होगा आवागमन

**संदीप वाईकर बैतूल**

नेहरू पार्क, लल्ली चौक से थाना चौक तक लगभग 3 करोड़ 7 लाख रुपए लागत की 2 किलोमीटर लंबी व्हाइट टॉपिंग रोड का भूमिपूजन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने कहा कि 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा हर वर्ग की खुशहाली के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। बैतूल जिले के गांव से लेकर शहरों में जो विकास नजर आ रहा है वह मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं का परिणाम है। केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से समूचे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। बैतूल विधायक के प्रयासों से ही थाना चौक से लल्ली चौक, नेहरू पार्क तक लगभग 3 करोड 7 लाख रुपए की लागत की 2 किलोमीटर व्हाइट टॉपिंग सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ है। सड़क निर्माण होने से आगमन सुचारू रूप से संचालित होगा।

### गांधी चौक का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भरने से आवागमन बाधित हो जाता था। व्यावसायिक क्षेत्र कोठी बाजार में सुगम आगमन के लिए थाना चौक से लल्ली चौक, नेहरू पार्क होते हुए 2 किलोमीटर लंबी उच्च गुणवत्ता की वाइफ व्हाइट टॉपिंग सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बैतूल जिले प्रदेश के लगभग 10 जिलों ऐसी सड़क बन रही है। उच्च गुणवत्ता की इस सड़क के निर्माण होने से बार-बार लगने वाले जाम की स्थिति खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बैतूल नगर को सुंदर और सर्व सुविधायुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। आगामी लगभग 6 माह में शहर का स्वरूप बदला हुआ नजर आएगा। उन्होंने बताया कि बैतूल शहर में एक ही स्थान पर फल एवं सब्जी मार्केट लगाने की व्यवस्था की जा रही है। बैतूल शहर को अतिक्रमण मुक्त कर अतिक्रमको के पुनर्स्थापना की व्यवस्था भी की जा रही है। गांधी चौक का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जन-जन के विकास और समृद्धि की चिंता करते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है, जिसका जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो रहा है। श्री खंडेलवाल ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीकि - उच्च गुणवत्ता की सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम में बैतूल नपा अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, श्री सुधाकर पवार, श्री वसंत बाबा माकोड़े, श्री आदित्य बबला शुक्ला सहित पार्षद, व्यवसाई, गणमान्य नागरिक, नगरवासी मौजूद रहे

# अग्निवीर के प्रथम ग्राम आगमन पर विधायक मेव ने किया भव्य स्वागत

**दीपक तोमर**

मंडलेश्वर।केंद्र सरकार की महती योजना जिसमें भारतीय सेना, युवाओं को अग्निवीर योजना के माध्यम से सेना में प्रवेश के अवसर उपलब्ध करवाती है। इस योजना में क्षेत्र के युवा भी अपना योगदान दे रहे है। समीपस्थ ग्राम बेरफड निवासी सतीश पटेल अग्निवीर का सफल प्रशिक्षण पूर्ण कर ग्राम वापस पधारे। इस अवसर पर सतीश पटेल के पिता सुमेर सिंह पटेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि परिवार के लिए गौरव का क्षण है। मेरे परिवार का एक सदस्य देश सेवा के लिए सज्ज हुआ है। सतीश के प्रथम ग्राम आगमन पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने ग्राम बेरफड पहुंच कर सतीश का सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक मेव ने बताया कि यह अग्निवीर भविष्य में देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। युवावस्था के प्रारंभ में अग्निवीर सेना का प्रशिक्षण लेकर देश सेवा में जुट गए है। हमारे लिए बड़े गौरव का पल है कि क्षेत्र का एक बेटा अग्निवीर बनकर देशसेवा कर रहा है। मै अग्निवीर सतीश को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए परिजनों का आभार व्यक्त करता हु



जिन्होंने सतीश के मानस में देशभक्ति का बीजारोपण कर देशसेवा के लिए भेजा।

सहजयोग आज का महायोग

# दैनंदिन क्रियाकलाप में ईश्वर का सानिध्य होना ही धर्म है

संघर्ष के समय परमात्मा को याद करना स्वाभाविक है। परंतु जब हम पूर्ण संतुष्टि में हों तो भी परमात्मा से जुड़े रहना हमारी इस संतुष्टि को स्थाई बनाने के लिए जरुरी है। हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि परम के संग जुड़ने में ही हमारे जीवन की सार्थकता है।

जो साथ जाएगा ही नहीं, जो जरुरी नहीं उसमें हमारा चित्त ज्यादा लगता है, और जो साथ जाना है उसका हम चिंतन ही नहीं करते हैं। साथ क्या जाना है? साथ जायेगा हमारे अंदर स्थापित होने वाला धर्म। धर्म, ईश्वर की आराधना की विधि नहीं है बल्कि ईश्वर को पाने की आकांक्षा है।

जीवन में संघर्ष तो करना ही पड़ता है। वह संघर्ष हम अपने जीवन को जीते हुए अपने परिवार के लिए, उनके सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए करते हैं, वो हमारा दायित्व है। इस संघर्ष के दौरान हम ईश्वर से सफलता हेतु प्रार्थना करते हैं तो फल प्राप्त होगा या नहीं यह हम पूर्ण विश्वास के साथ नहीं कह सकते क्योंकि यहां हमारी ईश्वर से की गई इच्छा शुद्ध नहीं है। शुद्ध इच्छा के अंदर जागृत होते ही हम पवित्र होने लगते हैं, ईश्वर के सानिध्य में रहने लगते हैं। सहज योग के माध्यम से इच्छा को शुद्ध इच्छा में परिवर्तित करने का मार्ग मिलता है और हम परमेश्वर के चित्त में स्थान पाते हैं। इससे बड़ी और क्या उपलब्धि हो सकती है हमारे लिए। हम एक सामान्य इंसान से दिव्य हो जाते हैं। और ऐसा होते ही हर जिम्मेदारी हमें आसान लगने लगती है। इस संबंध में परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी कहती है- 'एक बार जब आप सच्चाई को धारण कर लेते हैं तो आपका अपना जीवन ही लोगों को विश्वास दिलायेगा कि आप दिव्य हैं। जो कुछ भी आप करते हैं, वह लोगों को यकीन देगा कि आप दिव्य हैं, और जो कुछ भी आप कहेंगे, लोग जान जाएंगे कि यह दिव्य शक्ति से आ रहा है'

अपने दैनंदिन जीवन के हर क्रियाकलाप के साथ ईश्वर के चित्त में भी स्थान पा लें तो जीवन कितना आसान होगा ना? चलिए इस पर विचार करते हैं और जुड़ते हैं दिव्य सहज योग से। नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।



## व्यापारी एसोसिएशन के चुनाव संपन्न शुशील वर्मा निर्विरोध अध्यक्ष मनोनित

दीपक तोमर




बड़वाह। समीपस्थ ग्राम पिपल्या बुजुर्ग में व्यापारी एसोसिएशन संघ का चुनाव रविवार को एक निजी विद्यालय में निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए।जिसमें छठे अध्यक्ष हेतु युवा शुशील वर्मा को मनोनीत किया गया।पूर्व अध्यक्ष खेमराज जैन एवं उनकी कार्यकारणी द्वारा गत दो वर्षों के कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।शुशील वर्मा ने कहा कि सभी व्यापारियों के हित में कार्य किए जायेगे।उनकी नियुक्ति पर व्यापारी धर्मेंद्र नामदेव महेंद्र चौहान गिरधर यादव निलेश जैन भुवानीराम पाटीदार महेंद्र सिंहा शैलेन्द्र सिसोदिया नरेंद्र सोलंकी शिव जायसवाल सोनू मंडलोई राकेश केवट आयुष वर्मा सहित व्यापारी बंधुओं ने पुष्पमाला मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया।

## संजय रावल नगर परिषद् मण्डलेश्वर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुए

दीपक तोमर



मण्डलेश्वर। म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार श्री संजय रावल का स्थानांतरण नगर परिषद् मण्डलेश्वर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर हुआ हैं। पूर्व में श्री रावल को नगर परिषद् करही पाड्ल्या एवं नगर परिषद् मण्डलेश्वर में सी.एम.ओ. का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। श्री रावल द्वारा नगर परिषद् में दिनांक 06/06/2025 को ज्वाईन किया गया, श्री रावल का स्वागत श्री विश्वदीप मोयदे अध्यक्ष नगर परिषद् मण्डलेश्वर श्री अनिल वर्मा पार्षद, पार्षद प्रतिनिधी श्री तैयब अली बवाहिर, श्री दिनेश प्रजापत, श्री जगदीश केवट, श्री रत्नदीप मोयदे एवं निकाय के कर्मचारी श्री कैलाशचन्द्र वर्मा, राजस्व प्रभारी श्री संजय कलोसिया कार्यालय नोडल, श्री मुकेश श्रीवास प्र.लेखापाल आदि के द्वारा पुष्पमाला,मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे, न्यायाधीश ने शिविर में दी कानूनी जानकारी

दीपक तोमर

मंडलेश्वर : महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए ।यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकार मंडलेश्वर की सचिव वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के निर्देश पर आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में कही।




मंडलेश्वर में आयोजित इस शिविर में न्यायाधीश ने महिलाओं को पराक्रम अधिनियम के तहत चेक बाउंस मामले में किस तरह परिवाद दायर किया जा सकता है उसकी जानकारी दी।आपने बताया कि चेक बाउंस होने के होने पर एक माह के अंदर आरोपी को नोटिस दिया जाना चाहिए नोटिस तामील होने के एक माह के अंदर परिवाद दायर करना आवश्यक होता है।आपने पॉक्सो एक्ट वृद्ध जनों के अधिकार और महिलाओं से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण क़ानून की जानकारी दी।आपने नालसा की साथी ,जागृति , डॉन और संवाद योजनाओं के अंतर्गत कानूनों की भी जानकारी प्रदान की। हिट एंड रन मोटर यान पीड़ित प्रतिकर और मध्य प्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में भी जानकारी दी।हेल्प लाइन नंबर 15100 पर भी महिलाए अपनी समस्या बता सकती है। एल ए डी सी एस एसिस्टेंट निशा कौशल ने विधिक सहायता कैसे प्राप्त करें यह जानकारी दी।इस अवसर पर श्रीमती बिंदिया वर्मा, किरण बाई राजपूत श्रीमती बसु सुरेन्द्र चौहान सहित महिलाएं उपस्थित रही।

# नींद का झोंका आने से ऑटो चालक का ऑटो सबारियों सहित पलटा, एक सवारी को आई गंभीर चोट

## 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलट मुरारी लाल गोस्वामी ने पहुंचाया शीघ्र जिला अस्पताल भिण्ड

ऋषि गोस्वामी





भिण्ड ,जानकारी के अनुसार घटना भारौली थाना अंतर्गत की है जहां, सवारी से भरा एक ऑटो,चालक की लापरवाही के चलते गांव किनारे डाले हुए, कूड़े कचरे के ढेर पर आकर पलट गया, जानकारी के अनुसार रूपसिंह पिता रोशन सिंह बघेल उमर 34 साल अपनी पत्नी सीता उमर 30 साल और अपनी पुत्री काजल उमर 14 साल निवासी ग्राम अजीता पोस्ट सड़ा तहसील मेहगांव जिला भिंड के साथ रोजी-रोटी कमाने के लिए अपने निज ग्राम अजीता से अहमदाबाद के लिए जा रहा था इसलिए उसने निज ग्राम अजीता से भिंड के लिए गांव के एक परिचित व्यक्ति सुरेश का ऑटो बुक किया, परंतु गांव से निकलते ही सुरेश का ऑटो गाय से टकरा गया, वहां से भी बच्चा तो एक ट्रक से टकराते टकराते बचा कारण चालक सुरेश को बार-बार झपकी आ रही थी परंतु भारौली गांव निकलते ही सुरेश ने ऑटो को कचहरी पर चढ़ा दिया जिस कारण वह पलट गया और ऑटो पलटते ही रूप सिंह के सर में और सीने में गंभीर चोट आई और हाथ का एक अंगूठा भी फैक्चर हो गया, और उसकी पत्नी सीता और उनकी बच्ची काजल को भी हल्की-फुल्की चोटें आई, राहगीर और स्थानीय निवासियों ने तुरंत सभी की चीख पुकार सुनकर दौड़कर आए और सभी को ऑटो से बाहर निकाला और तुरंत 108 इमरजेंसी एंबुलेंस पर फोन किया, जिससे घायल मरीजों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाया जा सके, घटना की सूचना मिलते ही 108 इमरजेंसी एंबुलेंस से पायलट मुरारी लाल गोस्वामी अपने साथी ईएमटी आशीष चौधरी के साथ शीघ्र भारौली ग्राम में घटना स्थल पर पहुंचे, और सभी घायलों को शीघ्र जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया भर्ती करवाया और इलाज चालू करवाया जिस समय रहते सभी गलियां व्यक्तियों को उसे इलाज दिलवाया जा सका।

# भूमि पूजन कर पार्षद ने किया वरिष्ठजनों को सम्मानित



वार्ड 65 नौबस्ता पश्चिम के मातृछाया दामोदर नगर में दोनों साइड नाली व साइड पटरी के निर्माण का भूमि पूजन पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने किया। इस मौके पर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने वरिष्ठजनों को सम्मानित करते हुए वार्ड 65 के संपूर्ण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर निरंतर कार्य करते रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस जिम्मेदारी को वार्ड की जनता ने उन्हें सौंपा है वो उसमें खरा उतरेंगे। क्षेत्रीय वरिष्ठजनों ने पार्षद के द्वारा वार्ड के मंदिरों में पानी के मटके तथा प्याऊ लगवाने के कार्य की प्रशंसा की। भूमि पूजन के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठजनों का माल्यार्पण कर पार्षद श्री शर्मा ने सम्मानित किया।इस दौरान मुख्य रूप से अजय शुक्ला अनूप शुक्ला दीप नारायण जी अमित तिवारी विकास बाजपेई राजू गुप्ता राजेश शुक्ला सुनील झा विजय अग्निहोत्री धनंजय अग्निहोत्री पप्पू मिश्रा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

# खंडेलवाल परिवार का भंडारा पूर्ण पत्रकारों का किया सम्मान

## श्री टेकरी सरकार पर हुआ सुंदरकांड, छप्पन भोग के साथ विशाल भंडारा आयोजन

रणजीत

जगदीश पाल



पिछोर( शिवपुरी) जिले के पिछोर नगर में सिद्ध शक्तिपीठ श्री टेकरी सरकार प्रांगण में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहता है। इसी क्रम में पिछोर के शक्तिपीठ टेकरी सरकार प्रांगण में 8 जून रविवार को भव्य सुंदरकांड, छप्पन भोग एवं विशाल भंडारे का आयोजन पत्रकार सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ । कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम आयोजक राजेश खंडेलवाल, (अधिवक्ता इंदौर) पिछोर के श्री टेकरी सरकार मंदिर प्रांगण में धार्मिक आयोजन सुंदरकांड, छप्पन भोग एवं सम्मान समारोह के साथ विशाल भंडारे का आयोजन 8 जून रविवार को दोपहर 2:00 बाजे से किया गया था जिसमें पिछोर नगर के गणमान्य नागरिकों, धार्मिक प्रेमियों , पत्रकार गण एवं श्रद्धालुओं हजारों की संख्या में उपस्थित रही जिसमें खंडेलवाल परिवार द्वारा आया भंडारे में पहुंचे समस्त लोगों का आभार व्यक्ति किया गया खंडेलवाल परिवार ने पत्रकार सम्मान कर पत्रकारों का मनोबल भी बढ़ाया स्मृति चिन्ह भेंट आभार व्यक्त किया।

# शिवपुरी में माफिया ने माइनिंग टीम से जब्त वाहन छुड़ाए: कलेक्टर-एसपी के हस्तक्षेप के बाद 5 लोगों पर FIR; वीडियो फुटेज से होगी पहचान

शिवपुरी के कोलारस विधानसभा क्षेत्र में रेत माफिया इस कदर बेखौफ हो चुके हैं कि अब माइनिंग विभाग की टीमों को भी खुलेआम धमकाने लगे हैं। रविवार को रिताई घाट पर अवैध रेत खनन की शिकायत पर कार्रवाई करने गई टीम से माफियाओं ने जब्त वाहन छुड़वा लिए।

**कलेक्टर-एसपी के दखल के बाद दर्ज हुई FIR**

मामले में जब माइनिंग इंस्पेक्टर सोनू श्रीवास शिकायत दर्ज कराने लुकवासा चौकी पहुंचे तो पहले से मौजूद कुछ स्थानीय प्रभावशाली लोगों के दबाव में उन्हें चौकी से लौटना पड़ा। बताया जाता है कि इन लोगों की माफियाओं से साठगांठ है। बाद में रात को कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और एसपी अमन सिंह राठौड़ के हस्तक्षेप के बाद माइनिंग इंस्पेक्टर दोबारा चौकी पहुंचे और एफआईआर दर्ज करवाई। 5 लोगों पर केस, वीडियो साक्ष्य भी दिए पुलिस ने अब इस मामले में 5 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सोनू श्रीवास ने कुछ वीडियो साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे हैं, जिनमें आरोपियों के चेहरे और वाहन साफ नजर आ रहे हैं। इनसे पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ये था मामला रविवार दोपहर माइनिंग विभाग की टीम को सूचना मिली कि सिंध नदी के रिताई घाट पर अवैध रेत खनन हो रहा है। टीम ने मौके पर दबिश देकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक हाइड्रा मशीन जब्त की। जब टीम इन्हें लुकवासा चौकी ले जा रही थी, तभी रास्ते में 10-15 अज्ञात लोग पहुंचे और टीम को धमकाकर वाहन छुड़ा ले गए। बाद में जब टीम शिकायत के लिए चौकी पहुंची तो वहां भी राजनीतिक दबाव के चलते उन्हें लौटना पड़ा।



## श्री खेड़ापति दरबार में सम्पन्न हुई बैठक

## दरबार में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में रखी गई बैठक



शिवपुरी जिला मुख्यालय में स्थित अत्यंत प्राचीन सिद्ध दरबार श्री खेड़ापति सरकार दरबार में प्रत्येक माह की भांति इस माह भी धार्मिक आयोजनों के संदर्भ में बैठक संपन्न हुई। दरबार के महंत मोहित महाराज जी ने प्रभु श्री रामचन्द्र जी के नाम का गुणगान करते हुए सभी दरबार के सेवादारों को नैतिक कर्तव्यों का ज्ञान एवं जीवन को सहज और सफलतापूर्ण बनाए जाने के संदर्भ में चर्चा करते हुए दरबार में सम्पन्न होने वाले आगामी आयोजनों के बारे में उचित मार्गदर्शन दिया। और वही आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए समय-समय पर श्री खेड़ापति भक्त मण्डल की बैठकें आयोजित की जा रही है और विभिन्न विचार-विमर्श कर कार्यक्रम को गति प्रदान की जा रही है। प्रचार-प्रसार क लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग्स-बैनर, प पलेट व समाचार पत्रों के माध्यम से धर्म के महान यज्ञ में अधिक से अधिक धर्मप्रेमीजन आहुति दें इसके लिए मंदिर समिति के भक्त मण्डल से संपर्क किया जा सकता है साथ ही मंदिर प्रांगण में भी कथा आयोजन संबंधी जानकारी लेकर धर्मलाभ लिया जा सकता है।

# वर्षा पूर्व नालों का विशेष सफाई अभियान



**रणजीत टाइम्स**

खेतिया । शासन के निर्देश अनुसार वर्षा पूर्व नगर पंचायत खेतिया के क्षेत्र के नालों की विशेष सफाई की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुये मुख्य नगरपालिका अधिकारी ईश्वर महाले ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्षानुसार नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नालों की सफाई की जाती है। जिससे नीचली बस्तियों मे जल भराव नही हो। श्री महाले ने आगे बताया कि हनुमान चौक, बेरियर चौराहे, भीलवाड़ा के नालों की जे.सी.बी.से सफाई कर गाद निकाली जा रही है साथ पानसेमल रोड,बायगोर रोड,वेयरहाउस रोड की बडी नालीयों की भी जे.सी.बी. से सफाई कि जाना है ताकि वर्षाकाल मे किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो।सफाई अभियान के दौरान स्वच्छता प्रभारी अशोक शिन्दे ,सहायक प्रभारी प्रकाश सिरसाठ,नवल पटेल उपस्थित थे।

# ओंकारेश्वर, वीआईपी दर्शन के नाम पर मची लूट,अधिकारियों ने श्रद्धालु बनकर पकड़ा गिरोह


## मामला ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग का वीआइपी दर्शन के नाम पर मची हुई थी लुट अधिकारियों ने स्टिंग ऑपरेशन कर धरदबोचा

**रणजीत टाइम्स**

ओंकारेश्वर। शहर के ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में पिछले लंबे समय से एक गिरोह सदस्य यहां आने जाने वाले श्रद्धालुओं से वीआईपी दर्शन के नाम पर प्रति व्यक्ति 1500 तक की वसूली कर रहे थे। पिछले दिनों यहां बड़ा विवाद भी हो गया था। लिहाजा उक्त शिकायतों के चलते एसडीएम शिवम प्रजापति ने एक पटवारियों के दल की नियुक्ति की। जिसमें महिला अधिकारियों को भी शामिल किया गया था। जिनमें दल सदस्य अमरसिंह मंसूरे, लक्की पंचोली,सोनाली चौकड़े,प्राची शर्मा,अधीर रेवाल,देवेंद्र मार्को और अमित कुमार जैन शामिल थे। लिहाजा दल सदस्य यहां बाहरी श्रद्धालु बनकर पहुंचे। और उन्होंने ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचे। तय योजना अनुसार यहां उनसे वीआईपी दर्शन कराने को लेकर रिद्धि उर्फ रिद्धि चंद्र शर्मा ने संपर्क किया। रिद्धि चंद्र शर्मा ने उन्हें वीआईपी दर्शन करवाने की बात कहते हुए प्रति जोड़ा 1500 की मांग। इस दौरान यहां धरपकड़ करने आए अधिकारियों ने रिद्धि चंद्र शर्मा को दो जोड़े के 3000 डिजिटली ट्रांसफर भी कर दिए। इसके बाद यहां रिद्धि चंद्र शर्मा ने इन जोड़ों को मंदिर ले जाकर अल्लू उर्फ देवेंद्र मुद्गल से मिलवाया और वहीं मौजूद होमगार्ड नागेंद्र शर्मा ने इन जोड़ों को प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए मंदिर के वीआईपी गेट से सीधे मंदिर के दर्शन तक करवा दिए। लिहाजा इसके बाद इन तीनों की सच्चाई सामने आने पर



अधिकारियों ने इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया है। जहां इन दोनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायालय ने इन्हें जेल भेज दिया हैं इधर होमगार्ड नागेंद्र शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया।



# धनराज की मौत,,,,

# नगर परिषद ओर पुलिस प्रशासन कुंभकर्णीय नींद को त्यागे

**रणजीत टाइम्स**

राणापुर। पुलिस ओर नगर परिषद की निष्क्रियता के चलते बीते दिनों तथा कथित चामुंडा चौराहे पर बीते दिनों एक 17 वर्षीय धनराज राठौड़ ट्राले से टकराने से मौत के मुंह में समा गया। इसी जगह पूर्व में भी इसी तरह दिनेश राठौड़ भी मौत के मुंह में चला गया था। चामुंडा ट्रेवल्स लिखी बसे यही से आती जाती हे इसलिए इसका नाम चामुंडा चौराहा पड गया जो नगर परिषद के रेकॉर्ड में नहीं हे।पर नगर परिषद ओर पुलिस प्रशासन कुंभकर्णीय नींद में सोया हे।



इस तथाकथित चामुंडा बस स्टेंड पर मजदूरों को लेकर राजकोट,गोंडल (गुजरात )की ओर जाने वाली प्राइवेट बसे मुख्य मार्ग पर बेतरतीब खड़ी रहती हे वही 100 से 150 तक बच्चे,जवान ओर महिलाएं खड़ी रहती हे जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न होती हे वहीं बस स्टेंड पर आने जाने वाली प्रदीप बस,गुर्जर बस,प्रकाश बस,कोठारी बस आदि को भी परेशानी होती हे। बीते दिनों ओर पूर्व में हुई दुर्घटना पर प्रशासन ओर नगर जनों ने घड़ियाली आंसू बहा लिए,तीन चार दिन कसावट कर ली और फिर वहीं ढाक के तीन पात।किंतु इस बार यदि ठोस व्यवस्था नहीं होती तो प्रशासन को नगर का कोप झेलना पड़ सकता हे। चिकित्सालय जाने के लिए पांच मार्ग हे। यदि दुर्घटना घटने वाले स्थल ( मार्ग ) को पैदल झोंन बना दिया जाए तो निश्चित दुर्घटनाओं पर विराम लग जाएगा। वैसे अस्पताल से स्लाटर हाउस होकर मेन रोड पर जाने वाले मार्ग के दोनों ओर बड़ी गुमटियां लगी हुई हे तथा चढ़ाव भी हे ऐसे में वाहन चालक दोनों तरफ देख नहीं सकता ओर द्रुत गति से आने वाले चार पहिया वाहनों से टकराने का अंदेशा बना रहता हे।ऐसी परिस्थिति में यदि स्लाटर हाउस वाले रोड को पैदल झोंन में तब्दील कर देना ही दुर्घटना पर विराम का विकल्प होगा। वहीं महेश राठौड़ के सांची पॉइंट के पास से अस्पताल जाने वाले मार्ग की व्यवस्थित मरम्मत कर दी जाए तो काम सुलभ हो सकता हे। करीब पांच दिन पूर्व चामुंडा ट्रेवल्स में करीब 80 सवारी भरी हुई थी,बस चालू करने के साथ ही तकनीकी खराबी से ब्रेक फेल हो गए ओर स्टीयरिंग जाम हो गई ऐसे में बस उल्टी दिशा में रुढ़कने लगी,भला हो समीप ही लगे बिजली के खंभे से टकराकर रुक गई अन्यथा समीप 5 फीट गहरे खड्डे में बस गिर जाती जिससे भयानक अनहोनी हो जाती पर भला हो भगवान ओर बिजली के खंभे का की किसी भी प्रकार की विपदा नहीं हुई।

शासन ओर प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही गति में आता हे वर्ना तो साइलेंट मोड पर ही रहता हे।पर अब समय आगया हे कि मुस्तैदी से उचित कार्यवाही करने का जिम्मा ले। इसके साथ ही जिले की प्रशासक कलेक्टर साहिबा से निवेदन हे कि राणापुर नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को झाबुआ का दायित्व भी दे रखा हे इसलिए जिला मुख्यालय की लालच में राणापुर को समय नहीं देते ऐसी स्थिति में सप्ताह के तीन दिन पूरे राणापुर को देने के आदेश प्रसारित करे वहीं पुलिस प्रशासक के मुखिया से आग्रह की नगर अति संवेदन शील श्रेणी में अंकित हे अत यहां करीब दो ट्रैफिक पुलिस ओर एक चिता की आमद कराए।

# कलेक्टर के अध्यक्षता में समय सीमा बैठक हुई आयोजित



**रणजीत टाइम्स**

बड़वानी । कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय सीमा बैठक आयोजित की गई बैठक में सर्वप्रथम 50 दिवस से अधिक लंबित एंव आगामी माह में रैंकिंग संबंधी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों को फोर्स क्लोज ना करें बल्कि संतुष्टिपूर्वक बंद करवाएं। सभी विभाग ए ग्रेड में आने का प्रयास करें जिन विभागों की प्रगति निम्न स्तर है वह इस ओर ध्यान दें पेंडिंग शिकायतों पर कार्य करें किसी भी विभाग की शिकायतें सौ दिवस से ऊपर नहीं जानी चाहिए। पीएचई विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग, भू अभिलेख विभाग, एनवीडीए विभाग,स्कूल शिक्षा विभाग को विशेष ध्यान देकर शिकायतें बंद करवाने के निर्देश दिये।

समय सीमा बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं के अंतर्गत ई केवायसी, समाधान ऑनलाइन एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को बेहतर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, अपर कलेक्टर के के मालवीय, संयुक्त कलेक्टर सोहन कनाश सहित अन्य जिला अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# नेत्रदान कर मानवता की मिसाल बने सतीशचंद्र चोरडिया

**रणजीत टाइम्स**



रतलाम– रतलाम जिले के बाजना तहसील निवासी स्व. मांगीलाल चोरडिया के सुपुत्र सतीशचंद्र चोरडिया के असामयिक निधन के पश्चात उनके परिजनों ने एक सराहनीय और प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए नेत्रदान (कॉर्निया डोनेशन) की सहमति प्रदान की। इस मानवीय पहल में नेत्रम संस्था के दीपक तातेड़ (शिवगढ़), सुभाष तातेड़ और नितिन पोरवाल की भूमिका महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने शोकाकुल परिवार को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। नेत्रम संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि स्व. सतीशचंद्र चोरडिया के पुत्र अर्पण चोरडिया, पौत्र अक्षत चोरडिया और अन्य परिजनों की सहमति मिलने के पश्चात इस कार्य को आगे बढ़ाया गया।

रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दिए जाने के पश्चात, उनके निर्देशन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में डॉ. मृदुल जैन, नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह तथा जीवन देवड़ा के सहयोग से नेत्र संग्रहण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। इस दौरान बाजना स्थित चोरडिया के निवास पर मेडिकल टीम को लाने-ले जाने की व्यवस्था नवनीत मेहता ने अपने निजी वाहन से की। इस पुनीत कार्य में शलभ अग्रवाल, सतीष नाहर, पूनमचंद चोरडिया, विमल कोठारी, विनोद पालरेचा, लक्ष्मीचंद जैन और मनोज नाहर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। नेत्रम संस्था ने स्व. सतीशचंद्र चोरडिया के परिजनों के इस मानवीय निर्णय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद दिया है। यह नेत्रदान दो लोगों को जीवनभर के लिए दृष्टि प्रदान करेगा और समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देगा।

# ग्राम बेरछा जागीर में विधायक एवं सरपचं ने विकास की गंगा बहाई

**रणजीत टाइम्स**

**ग्रामवासियो ने माना आभार।**

नागदा जं. I ग्राम बेरछा जागीर के कमलसिंह पंवार ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हमारे जनप्रतिनिधि नागदा-खाचरौद क्षेत्र के विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान साहब एवं गांव बेरछा जागीर की महिला सरपंच कौशल्याबाई नंदेड़ा धाकड़ व सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर नंदेड़ा के द्वारा गांव बेरछा जागीर में विकास की गंगा बहाई है।

पंवार ने बताया कि बेरछा गांव में पहले भी बहुत सरपंच रहें परन्तु किसी ने भी गांव में इतना कार्य नहीं करवाया। यह गांव वालो का सौभाग्य है कि गांव को ऐसा सरपंच मिला है जिसने गांव के विकास की दिशा बदल दी। ऐसे सरपंच का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जावेगा। नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में पहली ग्राम पंचायत होगी जहाँ मात्र दो वर्ष के कार्यकाल में विकास की गंगा बहने लगी है। गांव में उपस्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई साथ ही स्कूल के लिये नवीन भवन की सौगात प्राप्त हुई है। गांव में नये सीसी रोड़ का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 140 मकानो के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कमलसिंह पंवार एवं ग्रामवासियो ने मांग की है कि ग्राम बेरछा जागीर की महिला सरपंच श्रीमती कौशल्या बाई नंदेडा धाकड़ को राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त होना चाहिये। साथ ही गांव में विकास की गंगा बहाये जाने पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान एवं गांव की सरपंच श्रीमती कौशल्या बाई नंदेड़ा धाकड़ का आभार मानकर धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 टी में प्रवेश हेतु. ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025

**झाबुआ।** जवाहर नवोदय विद्यालय झाबुआ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा VI में प्रवेश हेतु योग्य उम्मीदवार जो वर्तमान में कक्षा V में झाबुआ जिले के रामा, राणापुर और झाबुआ में से किसी भी माध्यम से आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किया जाते है। प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं (1) वे समस्त उम्मीदवार जो वर्तमान में कक्षा V में झाबुआ जिले (रामा, राणापुर और झाबुआ ब्लॉक) में अध्ययन कर रहे हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को अपने निवास प्रमाण की वैध प्रति प्रस्तुत करनी होगी। (2) उम्मीदवार को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के दौरान झाबुआ जिले के रामा, राणापुर और झाबुआ ब्लॉक की किसी भी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा V में अध्ययन करना आवश्यक है। (3) जो उम्मीदवार सत्र 2025-26 से पहले कक्षा V उत्तीर्ण कर चुके हैं या दोहराव करने वाले उम्मीदवार हैं, उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। चयन समिति पिछले आवेदन रिकॉर्ड की पुष्टि करने का अधिकार रखती है। (4) आवेदक का जन्म 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों तिथियाँ सहित) के बीच होना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है और चयन परीक्षा शनिवार, 13 दिसंबर 2025 को सुबह 11:30 बजे आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय झाबुआ के प्रधानाचार्य कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# यूसीमास मक्सी में हुआ प्रतिभा का भव्य उत्सव

**रणजीत टाइम्स**

मक्सी। 9 जून को श्री अबेकस एकेडमी यूसीमास, मक्सी द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह एवं लाइव डेमो कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मक्सी क्षेत्र के लगभग 200 से अधिक प्रतिभाशाली बच्चों को उनकी उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी प्रदान की गई, जिससे समारोह एक स्मरणीय पर्व बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें आशा बरुआ, अमित चावड़ा, भीम सिंह पटेल, डॉ. जितेन्द्र भावसार, नीरज गोयल एवं अमृता गोयल जैसी विशिष्ट हस्तियों ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लाइव डेमो आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों के द्वारा गणित की जटिल गणनाओं को चुटकियों में हल किया गया। मानसिक गणना की कला ने दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति को खुले दिल से सराहा और इस नवाचार आधारित शिक्षा प्रणाली की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन जॉनसन डेविड ने प्रभावशाली तरीके से किया। यूसीमास मक्सी के निदेशक राहुल वर्मा ने अपने उद्बोधन में यूसीमास मक्सी की 11 वर्षों की सफलता यात्रा, इसके लाभ और बच्चों में आने वाले आत्मविश्वास की विशेष रूप से चर्चा की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन भी दिया गया, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, पत्रकार बंधुओं, अभिभावकों, विद्यार्थियों और यूसीमास मक्सी की समर्पित टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति और बच्चों की ऊर्जा ने आयोजन को एक उत्सव का रूप दे दिया। शिक्षा और आत्मविश्वास के इस अनूठे संगम ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि सही मार्गदर्शन और मंच मिले, तो छोटे शहरों के बच्चे भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

# टीएल बैठक में की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन I जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह ने 09 जून को टीएल बैठक में समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम श्री बीएस कलेश, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार आगास्या, सुश्री पूर्वा मण्डलोई एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में भीकनगांव, महेश्वर, बड़वाह, कसरावद एसडीएम, सभी तहसीलदार एवं सभी जनपद सीईओ वीसी के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह ने 300 दिन एवं 100 दिनों की लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि 50 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों पर तत्परता के साथ कार्यवाही करें। सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया कि जिन लंबित शिकायतों को जिला स्तर से बंद किया जाना है, उनके प्रस्ताव प्राथमिकता से भेजे जाए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की गई। इस अभियान के अंतर्गत खेत तालाब निर्माण में प्रगति अत्यंत कम पाये जाने पर जनपद पंचायत खरगोन, महेश्वर, भीकनगांव के जनपद सीईओ श्री मनोज निगम, श्रीमती रीना चौहान व श्रीमती पूजा मालाकार एवं सहायक यंत्री श्री महेश जोशी, श्रीमती पूजा नान्द्रे व श्री महेश सोलंकी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। महेश्वर विकासखण्ड में कूप रिचार्ज के कार्यों की अत्यंत धीमी प्रगति पर जनपद सीईओ श्रीमती रीना चौहान एवं सहायक यंत्री श्री महेश सोलंकी का 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के कार्यों में मनरेगा के अंतर्गत मस्टर रोल जनरेट करने पर लापरवाही पाये जाने पर विकासखण्ड झिरन्या के उपयंत्री सुरेश मोरे का 07 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देशित किया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के लक्ष्य 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किये जाए। बैठक में बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को खरगोन जिले में भी सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। 21 जून को जिले के सभी तहसील, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत एवं शिक्षण संस्थाओं में योग के कार्यक्रम होंगे। जिला स्तर पर बिस्टान रोड़ स्थित मण्डी में सामूहिक योग का कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही पर्यटन नगरी महेश्वर में अहिल्या घाट पर सामूहिक योग का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 16 जून से इसका काउंट डाउन कार्यक्रम होगा। इसमें सभी स्कूलों से 01-01 शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जाएगा और यह प्रशिक्षित शिक्षक अपनी संस्थाओं में प्रशिक्षण देंगे। बैठक में जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती हेमलता शर्मा ने बताया कि जिले के लगभग 01 हजार शासकीय सेवकों के समग्र आईडी उनके इम्पलाई प्रोफाईल से अब तक लिंक नहीं कराई गई है। सभी आहरण संवितरण अधिकारी अपने कार्यालय के शेष शासकीय सेवकों की समग्र आईडी उनके इम्पलाई प्रोफाईल से शीघ्र लिंक करा लें, अन्यथा आहरण संवितरण अधिकारी का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत तालाब का निर्माण करवाया गया

**रणजीत टाइम्स**



उज्जैन। माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरुप जिले में जल गंगा जल संवर्धन अभियान का योजनाबद्ध क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में स्थित प्राचीन जल के स्त्रोत-बावड़ी , कुए और कुंड की साफ-सफाई कर उनका जिर्णोध्दार किया जा रहा है। साथ ही रिचार्ज पिट के साथ खेत तालाब का निर्माण भी वर्षा के जल को सहेजने के लिए किया जा रहा है। इसी कडी में गत दिवस जनपद पंचायत तराना की ग्राम पंचायत चितावलियाखेड़ा में हितग्राही श्रीमती कमलाबाई के खेत में खेत तालाब का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया गया । उल्लेखनीय है की खेत तालाब के निर्माण से वर्षा के जल को सहेजा जा सकेगा तथा सिंचाई में भी लाभ मिलेगा।

# अपने रक्तचाप की जांच करवाएँ, इसे नियंत्रित करें, लम्बा जीवन जीएं'' उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच एवं उपचार हेतु चलाया जा रहा है अभियान

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन I मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के सभी जिलों के साथ-साथ उज्जैन जिले में भी विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में एक माह का अभियान आगामी 16 जून तक चलाया जा रहा है। इस वर्ष की विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की थीम 'अपने रक्तचाप की जांच करवाएँ, इसे नियंत्रित करें, लम्बा जीवन जीए' है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य उच्च रक्तचाप से बचाय, जांच एवं उपचार संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जन समुदाय में जागरूकता लाना है।

उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह हेतु 16 जून तक जांच शिविर का आयोजन समस्त स्वास्थ्य संस्थायें जैसे जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (शहरी/ग्रामीण) मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर किया जा रहा है। इस अवधि में समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं पर प्रतिदिन उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच हेतु शिविरों का आयोजन किया जाये। इन शिविरों में समस्त 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच कर उपचार प्रदान किया जायेगा। इन शिविरों का आयोजन बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन कार्यस्थलों (शासकीय एवं प्रायवेट) / एस्पिरेशनल ब्लॉक/वाईब्रेन्ट गांव/ट्राइबल ब्लॉक एवं परिया रिमोट एरिया/वृद्धाश्रम / स्लम/बस्तियों /अनाथालय आदि में किया जायेगा। संदिग्ध मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में रेफर किया जायेगा। साथ ही, फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से शामिल करते हुए घर-घर जाकर जानकारी प्रदान करना एवं स्क्रीनिंग अभियान चलेगा। इन प्रयासों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और रोगों की प्रारंभिक पहचान के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे इन रोगों की रोकथाम और समय पर पहचान संभव हो सके।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )